भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1005
08 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

भारतीय नौसेना में स्टॉफ की कमी

1005. श्री दीपक अधिकारी (देव) :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय नौसेना में स्टॉफ की कमी है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ग) 31-10-2023 की स्थिति के अनुसार भारतीय नौसेना में कुल स्वीकृत पदों की तुलना में विद्यमान रिक्तियों का ब्यौरा क्या है ; और
(घ) विगत दो वर्षों के दौरान भारतीय नौसेना में कितनी भर्तियां की गई हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जी, हां ।

(ख): दिनांक 31 अक्तूबर, 2023 तक भारतीय नौसेना में स्टॉफ की कमी का ब्यौरा नीचे की तालिका मे दिया गया है :

श्रेणी	**कमी**
अफसर (चिकित्सा और दंत चिकित्सा को छोड़कर)	1777
नौसैनिक	9119

(ग): दिनांक 31 अक्तूबर, 2023 को भारतीय नौसेना में अफसर तथा नौसैनिकों के स्वीकृत पदों तथा कमियों का ब्यौरा तालिका में दिया गया है :

श्रेणी	**स्वीकृत पद**	**कमी**
अफसर (चिकित्सा और दंत चिकित्सा को छोड़कर)	11979	1777
नौसैनिक	76649	9119

(घ): पिछले दो वर्षों में भारतीय नौसेना में अफसरों के समावेशन तथा नौसैनिकों की भर्ती का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

वर्ष	**समावेशित/भर्ती की गई संख्या**		**कुल**
	अफसर (चिकित्सा और दंत चिकित्सा को छोड़कर)	**नौसैनिक**	
2021	323	5547	5870
2022	386	5171	5557

***